कार्यालय–जिला समाज कल्याण अधिकारी, लखनऊ।

पत्रांक C-4664 /स0क0/न0 मुक्ति/2024–25 दिनॉक 09 अगस्त ,2024

1– समस्त, कुल सचिव/रजिस्ट्रार केन्द्रीय/राज्य/निजी विश्वविद्यालय जनपद लखनऊ। (नाम से)

2– समस्त प्रबन्धक/कुलसचिव /निदेशक/प्राचार्य/प्रधानाचार्य सम्बन्धित विद्यालय/इंजीनियरिंग कालेज पैरामेडिकल/पॉलीटेक्निक/महाविद्यालय/आई0टी0आई0 मान्यता प्राप्त प्रदाता संस्थाएँ जनपद लखनऊ ।

3– जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ। (नाम से)

4– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (नाम से)

विषय– **नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत दिनांक 12.08.2024 को प्रतिज्ञा कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या सी–589 दिनांक 08 अगस्त 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार समस्त जनपदों में दिनांक 12.08.2024 को समय प्रातः 09 बजे सभी शैक्षणिक संस्थानों जैसे स्कूल, कालेजो एवं विश्वविद्यालयों के छात्रों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति भारत अभियान के अन्तर्गत प्रतिज्ञा कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है।

अतः उक्त के कम में आप सभी से अनुरोध किया जाता है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार अपने–अपने शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों एवं कर्मचारियों को संलग्न पत्र में उपलब्ध लिंक (**https://nmba.dosje.gov.in/content/take-a-pledge**) के माध्यम से दिनांक 12.08.2024 को समय प्रातः 09 बजे नशा मुक्ति भारत अभियान के अन्तर्गत प्रतिज्ञा दिला कर फोटो उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः– बैनर का प्रारूप।।

(सुनीता सिंह)
जिला समाज कल्याण अधिकारी
लखनऊ।

पृष्ठांकन सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय ,लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, लखनऊ।
4. उप निदेशक समाज कल्याण लखनऊ मण्डल लखनऊ।

जिला समाज कल्याण अधिकारी
लखनऊ।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

भारत सरकार

नशा मुक्त भारत अभियान

के अन्तर्गत

स्वतंत्रता दिवस 2024

का अनुसरण

प्रसंग: 'विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र'

कार्यक्रम का नाम:

तिथि:

आयोजक :